दिनांक : 23.08.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी, भोपाल

दोपहर समाचार

**लोकार्पण**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज जबलपुर में प्रदेश के सबसे बड़े और अत्याधुनिक फ्लाईओवर का लोकार्पण किया । 1 हजार 52 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित लगभग 7 किलोमीटर लंबे इस फ्लाईओवर का सबसे बड़ा तकनीकी आकर्षण रेल मार्ग के ऊपर निर्मित 192 मीटर लंबा सिंगल स्पान केबल स्टे ब्रिज है। यातायात की दृष्टि से यह फ्लाईओवर क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। जहां पहले मदनमहल से दमोह नाका तक पहुँचने में 40 से 45 मिनट का समय लगता था, अब फ्लाईओवर शुरू होने के बाद यह दूरी मात्र 6 से 8 मिनट में तय की जा सकेगी। इससे न केवल समय और ईंधन की बचत होगी, बल्कि शहर में प्रदूषण का स्तर भी घटेगा। फ्लाईओवर से व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी, नागरिकों की दैनिक जीवनशैली सरल होगी और जबलपुर एक नए यातायात मॉडल के रूप में देश के अन्य शहरों के लिए उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

**प्रधानमंत्री–प्राकृतिक खेती मिशन**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन का शुभारंभ करेंगे।

राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन का उद्देश्य मृदा स्वास्थ्य में सुधार, पारिस्थितिक तंत्र को बहाल करना और किसानों की लागत को कम करके जलवायु परिवर्तन से मुकाबला करना है।

**प्रधानमंत्री अंतरिक्ष दिवस**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर अंतरिक्ष क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों, वैज्ञानिकों और युवाओं को शुभकामनाएं दी हैं। एक वीडियो संदेश में, श्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस कम समय में ही युवाओं के बीच उत्साह और आकर्षण का विषय बन गया है। प्रधानमंत्री ने ज़ोर देकर कहा कि आने वाले समय में भारत अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाएगा।

## कटनी– माइनिंग कॉनक्लेव

मध्यप्रदेश माइनिंग कॉनक्लेव 2.0 का आज कटनी में आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समिट में विषय–विशेषज्ञों और निवेशकों के साथ वन.टू.वन चर्चा करेंगे। कॉन्क्लेव में विभिन्न राज्यों के निवेशक और उद्योगपति शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि

## आजीविका फ्रेश

मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्व–सहायता समूहों का दो दिवसीय 'आजीविका फ्रेश' मेला आज से राजधानी के भोपाल हाट में आयोजित किया जा रहा है। मेले में विभिन्न जिलों से स्व–सहायता समूहों की दीदियों द्वारा रसायन रहित एवं जैविक तरीके से उगाये हुये कृषि एवं दुग्ध–उत्पादों सहित अन्य सामग्री का विक्रय सह प्रदर्शन किया जायेगा।

**मौसम**

प्रदेश में मानसून एक बार फिर जोर पकड़ चुका है और अगले तीन दिन तक प्रदेश के कई हिस्सों में तेज बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। शिवपुरी जिले में दो दिन से लगातार हो रही बारिश से कई निचली बस्तियों में पानी भर गया। इसके अलावा सिंध नदी पर बने अटल सागर मणिखेड़ा डैम के चार गेट खोल दिए गए। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि प्रदेश के ऊपर से गुजर रही मानसून टर्फ और उत्तरी हिस्से में सक्रिय साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से बारिश का दौर बना हुआ है। अगले 24 घंटे में नीमच और मंदसौर में अति भारी बारिश होने की संभावना है जबकि शिवपुरी, मुरैना, गुना, राजगढ़, शाजापुर, उज्जैन, रतलाम, झाबुआ और अलीराजपुर जिलों में भारी बारिश हो सकती है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- विदिशा में शुरू हुई सेना के लिए अग्निवीर भर्ती में पहले दिन 569 उम्मीदवारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।
- सिंगरौली जिलें की सभी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों एवं लाईसेन्सधारी प्राइवेट विक्रयकर्ताओं के माध्यम से यूरिया खाद का वितरण कराया जा रहा है।
- उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने रीवा में आज से आयोजित दो दिवसीय विशाल रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया।
- सतना जिले के चित्रकूट में आज अमावस्या मेला में तीर्थयात्री और श्रद्धालु मां मंदाकिनी नदी में स्नान कर कामदगिरि पर्वत का परिक्रमा कर रहे हैं।

................